ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

WORK SHEET – 19

Sub : Hindi Grammar 2nd Term **Class : IIB** **Date : 09.11.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

दिव्या माता-पिता की इकलौती पुत्री हैं। वह सुबह उठकर माता-पिता को प्रणाम करती है। फिर मंजन करने के बाद नहा-धोकर पाठशाला जाने के लिए तैयार होती है। वह नाश्ते में दूध, फल लेती है। वह पाठशाला में खूब मन लगाकर पढ़ती है। वह कक्षा में हमेशा प्रथम आती है। सबलोग उसकी बड़ाई करते हैं। वह घर में अपनी माता जी के साथ उनके कामों में हाथ बटाँती है। वह ज़िद नहीं करती। उसके माता-पिता उस पर गर्व करते हैं।

1. दिव्या अपने माता-पिता की कैसी पुत्री हैं?
2. वह सुबह उठकर माता-पिता को क्या करती है?
3. वह नाश्ते में क्या लेती है?
4. वह पाठशाला में कैसे पढ़ती है?
5. वह घर में अपनी माता जी के साथ क्या करती है?
6. गद्यांश से एक विशेषण छाँटें।
7. गद्यांश से एक विशेष्य छाँटें।
8. गद्यांश से एक क्रिया छाँटें।
9. गद्यांश से एक नाम शब्द छाँटें।
10. कक्षा शब्द से वाक्य बनाए।

Sangeeta Khosla